महत्वपूर्ण एवं खास

बैंक से लौट रहे किसान के रूपयों से भरा थैला पार

बिलासपुर (आरएनएस)। सीपत थाना क्षेत्र के नवाडीह चौक के पास एक किसान उठाईगिरी का शिकार हो गया। किसान बाइक खड़ी कर फल ले रहा था तभी अज्ञात आरोपी ने बाइक के डिक्की में रखे रूपयों से भरा बैग पार कर दिया। किसान की शिकायत पर सीपत पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। ग्राम कौडिया में रहने वाले कंवलधर पटेल बुधवार की दोपहर वे सीपत स्थित जिला सहकारी बैंक में रूपए निकालने के लिए आए थे। उनके साथ गांव के अमीर सिंह भी थे। बैंक से उन्होंने 12 हजार रूपए निकलवाए। इसके बाद वे गांव लौट रहे थे। तभी नवाडीह चौक के पास किसान ने बाइक रोककर फल लिया। इस दौरान रूपयों से भरा थैला उनकी बाइक में ही था। फल लेने के बाद वे अपने साथी के साथ गांव लौट गए। घर जाकर उन्होंने देखा कि थैले में रखे रूपए गायब थे। साथ ही उनका पासबुक भी नहीं था। उन्होंने नवाडीह चौक में जाकर इसकी जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने बैंक के पास भी पूछताछ की। बाद में उन्होंने सीपत थाने में घटना की शिकायत की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

प्रदेश में 4462 सैंपलों की जांच में 5 व्यक्ति मिले संक्रमित

रायपुर (आरएनएस)। 27 अप्रैल की स्थिति में प्रदेश की पॉजिविटी दर 0.11 प्रतिशत है। प्रदेश भर में हुए 4462 सैंपलों की जांच में 5 व्यक्ति संक्रमित पाए गए है। वहीं 4 मरीज स्वस्थ हुए है। प्रदेश के तीन जिले दुर्ग व रायपुर से दो-दो एवं राजनांदगांव से 1 कोरोना संक्रमित पाए गए है। वहीं 25 जिलो में कोरोना के कोई मामले नहीं आए है।

सीएमएचओ ने दो डॉक्टर सहित 12 स्टॉफ को दी नोटिस

बिलासपुर (आरएनएस)। बुधवार को मस्तुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने सीएमएचओ डॉ. प्रमोद महाजन पहुंचे थे। इस दौरान अस्पताल में ना तो डॉक्टर मिले और ना ही स्टॉफ। वहीं उपचार के लिए आए मरीजों की लाइन लगी हुई थी। ऐसे में सीएमएचओ ने खुद ही मरीजों का उपचार किया और दो डॉक्टर समेत 12 स्टॉफ कर्मी को नोटिस देकर एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया गया है। बता दे कि सीएमएचओ डॉ. प्रमोद महाजन अपनी टीम के साथ सुबह 11 बजे स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। उन्होंने देखा की केंद्र में डॉक्टर और स्टॉफ नहीं थे। पूछताछ में पता चला कि ओपीडी सुबह 9 बजे खुल जाती है लेकिन डॉक्टर और स्टॉफ नहीं पहुंचते।

पूर्व पार्षद की मिली सड़ी गली लाश

डोंगरगढ़ (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोगरगढ़ में पूर्व पार्षद रोशन साहू की लाश मिलने से सनसनी मच गई है। मिली जानकारी के अनुसार 12 दिनों से रोशन साहू लापता थे, वाटर पार्क के पास सड़ी हुई अवस्था में उनकी लाश मिली है। रोशन साहू की गुमशुदगी का मामला थाने में दर्ज किया था, पुलिस ने हत्या की आशंका पर जांच शुरू कर दी है।

हाईकोर्ट में केस जीतने पर रसोईया संघ की हुई बैठक

महासमुंद (आरएनएस)। कलेक्टर दर में पारिश्रमिक की मांग को लेकर रसोइया संघ द्वारा हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। जिसमें जिले की महिलाएं भी शामिल हैं। हाईकोर्ट में चल रहे केस में जीत मिलने के बाद संघ ने तेंदूकोना में बैठक रखी। रसोइया संघ की संभागाध्यक्ष नीलू ओगरे ने बताया कि प्रदेश के कई स्थानों से रसोईयों ने याचिका दायर की थी, जिसमें से बागबाहरा ब्लॉक तथा महासमुंद ब्लॉक की रसोईया भी शामिल थीं। बीते 11 अप्रैल को उन्हें इस केस में जीत मिली है। हाईकोर्ट के आदेशानुसार अब शासन को तय दिवस के भीतर फैसले के अनुसार मानदेय देना होगा।

खैरागढ़ को छत्तीसगढ़ राज्य की कलाधानी के रूप में सजाएंगे-संवारेंगे - मुख्यमंत्री

- तीन दिवसीय खैरागढ़ महोत्सव का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ
- 6 करोड़ 53 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं शिलान्यास
- राजनांदगांव जिले में पौने 15 करोड़ की लागत से स्थापित 9 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का हुआ लोकार्पण
- राजनांदगांव जिले के चिटफंड निवेशकों को एक करोड़ 97 लाख रूपए की राशि हुई वापस

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज तीन दिवसीय खैरागढ़ महोत्सव का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने 6 करोड़ 51 लाख रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया तथा चिटफंड कंपनी के धोखाधड़ी के शिकार हुए राजनांदगांव जिले 17127 निवेशकों को एक करोड़ 57 लाख रूपए की राशि वापस लौटाई। मुख्यमंत्री बघेल ने राजनांदगांव जिले में 14 करोड़ 74 लाख रूपए की लागत से स्थापित 9 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का लोकार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री बघेल ने खैरागढ़ इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के संस्थापक खैरागढ़ के राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह और रानी पद्मावती देवी तथा राजकुमारी इंदिरा को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि संगीत के प्रति एक समर्पित भावना के साथ वर्ष 1956 में स्थापित इस विश्वविद्यालय

ने देश-दुनिया में अपनी विशेष पहचान बनाई है। उन्होंने खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के निर्माण एवं खैरागढ़ महोत्सव के लिए सभी को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि खैरागढ़ जिला निर्माण प्रक्रिया शुरू हो गई है और यहां पर ओएसडी की नियुक्ति भी कर दी गई है। साल्हेवारा को पूर्ण तहसील एवं जालबांधा को उप तहसील बनाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की गौरवशाली ऐतिहासिक संस्कृति, लोक संस्कृति एवं कला एवं संगीत को बढ़ाने की जरूरत है। नवगठित खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले को समृद्ध जिला और छत्तीसगढ़ राज्य की कलाधानी के रूप में विकसित करना है। उन्होंने कहा कि बस्तर, सरगुजा, रायगढ़ एवं रायपुर में कला एवं संगीत का अध्ययन केन्द्र एवं शाखा होनी चाहिए। उन्होंने इसके लिए बजट में प्रावधान की बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य प्राचीन काल से समृद्ध राज्य के रूप में विख्यात रहा है एवं व्यापारिक रूप से समृद्ध रहा है। राज्य की प्राचीन संस्कृति सभ्यता और कला को विश्व मंच पर स्थापित करने और सहेजने की आवश्यकता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की प्राचीन विशेषताओं की जानकारी देते हुए कहा कि तरीघाट रीवाघाट की खुदाई से अनेक प्राचीन अवशेष मिले हैं। जो राज्य की समृद्ध संस्कृति और विशेषता को प्रदर्शित करता है। यह राज्य न केवल खनिज संपदा के क्षेत्र में अग्रणी है अपितु राज्य की संस्कृति और धरोहर भी विशिष्ट है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की ऐतिहासिक और पौराणिक विशेषता भी रही है। यहां राम वन गमन पथ के माध्यम से इन विशेषता को सहेजना का कार्य किया जा रहा है। जिससे राज्य की पहचान विश्व के मानचित्र में स्थापित हो सके। मुख्यमंत्री ने देर तक रूक कर सुप्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर कविता कृष्णमूर्ति के गीतों का आनंद लिया।

उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ में शिक्षा को गुणवत्ता के साथ विकसित करने पर प्रतिबद्ध है। राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में अनेक आयाम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रत्येक कॉलेज को नेक एक्रेडेशन करने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति पद्म मोक्षदा (ममता) चंद्राकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जिस विश्वविद्यालय में उन्होंने शिक्षा प्राप्त की है, उस विश्वविद्यालय में कुलपति के रूप में रचनात्मक और गुणात्मक कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने विश्वविद्यालय की विशेषता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय अपनी स्थापना से लेकर अब तक कला संगीत के क्षेत्र में अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की है। उन्होंने विश्वविद्यालय के लिए अनेक मांगे रखी। जिसे मुख्यमंत्री ने अगले बजट में पूरा करने का भरोसा दिया। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जिले में मुख्यमंत्री द्वारा दी गई सौगात एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खैरागढ़ के साल्हेवारा में भी शीघ्र ही स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध प्लेबैक सिंगर कविता कृष्णमूर्ति के गीतों ने समा बांध दिया।

राज्य में खुलेंगे 50 नए एकलव्य आवासीय विद्यालय

- प्रत्येक स्कूल में छटवीं से बारहवीं तक के 420 बच्चों को मिलेगा प्रवेश
- भवन निर्माण के लिए सभी जरूरी प्रक्रियायें शीघ्र पुरा करने के निर्देश
- स्थल चयन में छात्रों की सुविधा का रखा जाएगा ध्यान

रायपुर (आरएनएस)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने राज्य में खोले जा रहे एकलव्य विद्यालयों में छात्रों की सुवधिाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि एकलव्य विद्यालय ऐसे सुगम स्थान पर स्थापित करें जहां छात्रों को आने जाने में असुविधा नही हो। मुख्य सचिव ने जिला कलेक्टरों को निर्देश दिये कि विद्यालय जहां स्थापित किये जा रहे है वहां पर भूमि इत्यादि के लिए सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी करवाये। गौरतलब है कि भारत शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में 50 नए एकलव्य विद्यालय अदिवासी क्षेत्रों में स्वीकृत किये है। इन आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के बच्चें शिक्षा प्राप्त करेंगे। प्रत्येक विद्यालय में 420 बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का प्रावधान है। मुख्य सचिव ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए एकलव्य विद्यालयों के संबंध में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

बैठक में अनुसूचित जाति जनजाति विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 50 एकलव्य विद्यालयों का स्थापना की जा रही इनमें बलरामपुर जिले में ग्राम बरतीकला, रामनगर, देवीगंग, दोहना, और बुड़ा बगीचा (नवापारा) में एकलव्य विद्यालय स्थापित किया जा रहा है। इसी तरह से बीजापुर में नुकनपाल, रूद्राराम और दुगईगुड़ा में और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में लाटा और नेवसा पेण्ड्रारोड़ में एकलव्य विद्यालय खोले जा रहे है। बस्तर में मेटावाड़ा कोयेपाल, गोटिया, कोडेनार, छिंदावाड़ा में दंतेवाड़ा में मेटापाल, हारम और कुआकोण्डा में एकलव्य विद्यालय खोला जा रहा है। गरियाबंद में गिरहोला, जशपुर में घोलेंग, रैरूमाकला (सुखरापारा), धुंधरूडांड, कर्दना और पण्डरीपानी में एकलव्य विद्यालय स्थापित किया जायेगा। कोण्डागांव जिले में बेड़मा, कोरगांव, शामपुर और चिचाड़ी में और कोरबा जिले में लाफा और रामपुर में एकलव्य स्कूल खुलेगा। कोरिया जिले में घुघरा, जामथान में एकलव्य स्कूल खुलेगा। रायगढ़ जिले में बयासी, छत्तनगढ़ और पोटरा में एकलव्य स्कूल खुलेगा। अधिकारियों ने बताया कि राजनांदगांव जिले में खवाशफाकड़ी और माडिंग-पिंडलिंग धेनु में और सुकमा में ऐराबोर और बालाटिकरा (छिंदगढ़) में एकलव्य स्कूल खुलेगा। सूरजपुर जिले में खोरमा, पालदानोली और बकिरमा में तथा सरगुजा में रिखी, सहानपुर, पेटला और शिवपुर में स्कूल खुलेगा। कांकेर जिले के अंजनी, फरसकोट, हिलचुर और नरहरपुर तथा नारायणपुर जिले में ओरछा में एकलव्य विद्यालय खोला जा रहा है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित बैठक में अनुसूचित जनजाति विकास विभाग के सचिव डी.डी.सिंह, संचालक अनुसूचित जाति जनजाति विकास विभाग शम्मी आबिदी और संबंधित जिलों के कलेक्टर सहित वन विभाग और अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

3 ग्राम पंचायतों के सचिव निलंबित, 5 सचिवों को कारण बताओ नोटिस

कांकेर (आरएनएस)। जिला कलेक्टर चन्दन कुमार ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गौठानों में विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन में प्रगति संतोष जनक नहीं पाये जाने और ग्राम पंचायत सचिवों के कार्यो में रूचि नहीं लेने और लापरवाही बरतने के कारण जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने 03 ग्राम पंचायतों के सचिवों को निलंबित किया गया है, वहीं 05 ग्राम पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है।

सीईओ जिला पंचायत सुमीत अग्रवाल ने जनपद पंचायत कांकेर के ग्राम पंचायत बारदेवरी के सचिव राजेश कुमार गोटी, ग्राम पंचायत नारा के सचिव भरत शांडिल्य और ग्राम पंचायत मांदरी के सचिव महेश मण्डावी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में ग्राम पंचायत सचिव राजेश कुमार गोटी और भरत शांडिल्य का मुख्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा तथा ग्राम पंचायत सचिव महेश मण्डावी का मुख्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल नियत किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

सार्वजनिक जगहों पर थूकना प्रतिबंधित

- सोशल-फिजिकल डिस्टेंसिंग का भी करना होगा पालन
- कलेक्टर साहू ने कोविड-19 से बचाव संबंधी जारी किए निर्देश

कोरबा (आरएनएस)। कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण के प्रभावी रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार कोरबा जिले में भी निर्देश जारी कर दिए गए है। इस संबंध में कलेक्टर रानू साहू ने जरूरी निर्देश जारी किए है। जारी दिशा निर्देशानुसार सार्वजनिक स्थलो, कार्यालयों, अस्पतालों, बाजारों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों, गलियों में आने -जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को मास्क या फेस कवर धारण करना अब अनिवार्य होगा। कार्यालय - कार्य स्थलों एवं फैक्ट्री आदि में कार्य करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को भी मास्क - फेस कवर धारण करना अनिवार्य होगा। जारी निर्देशानुसार सार्वजनिक स्थलों पर थूकना प्रतिबंधित है। होम क्वारेंटाईन में रहने वाले व्यक्तियों को शासन द्वारा समय-समय पर जारी होम क्वारेंटाईन संबंधी समस्त दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। दुकानों -व्यवसायिक संस्थानों द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग - फिजिकल डिस्टेंसिंग संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। इन सभी निर्देशों के अतिरिक्त भारत सरकार, छत्तीसगढ़ शासन तथा जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश - आदेश का भी पालन करना अनिवार्य होगा।

उपसरपंच के बेटे ने साथी को छुड़ाने थाने में किया हंगामा, थानेदार से की हाथापाई

कोरबा (आरएनएस)। लूटपाट के आरोपित को छुड़ाने के लिए उपसरपंच के बेटे ने कुछ ग्रामीणों के साथ थाने में घुसकर हंगामा किया। इस दौरान थानेदार से हाथापाई भी की। थानेदार पर रिवाल्वर ताने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। तनाव की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से लगभग 110 किलोमीटर दूर पसान थाना की है। यहां जनवरी माह में फारेस्ट गार्ड शारदा प्रसाद शर्मा की रिपोर्ट पर पुलिस ने खम्हरिया निवासी दीपक टेकाम के खिलाफ धारा 392, 353, 294, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया था। मंगलवार को पुलिस ने घेराबंदी कर पसान में घूम रहे आरोपित दीपक टेकाम को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की। दीपक के पकड़े जाने की खबर मिलते ही उसके साथी सक्रिय हो गए और उसे छुड़ाने के लिए पुलिस पर दबाव बनाने लगे। थाना प्रभारी लक्ष्मण खूंटे ने बताया कि पसान के उपसरपंच का पुत्र राजकुमार पांडेय ने फोन कर आरोपित को छोडऩे कहा,लेकिन मना कर दिए जाने से नाराज हो गया और अपने साथियों के साथ रात में थाना पहुंच कर बवाल किया।

इसके बाद कुछ ग्रामीणों को लेकर थाने का घेराव कर थाना प्रभारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसी दौरान राजकुमार पांडेय व थाना प्रभारी लक्ष्मण खूंटे के बीच हाथपाई भी हो गई। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। मामले को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। घटना के बाद से गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस के आला अधिकारी भी बल के साथ स्थल पर मौजूद हैं। गांव में स्थिति नियंत्रण में है। राजकुमार पांडेय का कहना है कि विवाद होने पर टीआई खूंटे ने अपनी सर्विस रिवाल्वर निकाल लिया और उस पर तानते हुए गोली मरने की धमकी देने लगा। इसी बात से ग्रामीण भी नाराज हो गए उन्होंने थाना में जमकर बवाल किया। दावा किया जा रहा है कि रिवाल्वर तानने का वीडियो भी है, पर अब तक यह वीडियो सामने नहीं आया है।

ग्रामीणों का कहना है कि टीआई आए दिन गांव के लोगों को जबरन थाने बुलाकर मारपीट करते हैं। जिला मुख्यालय से पसान की दूर होने व वन परिक्षेत्र में थाना होने की वजह से कारण यहां अफसरों का दौरा कम होता है, इसलिए टीआई मनमानी करते है। वहीं राजकुमार पांडेय ने भी टीआई लक्ष्मण खूंटे पर ग्रामीणों से मारपीट करने का आरोप लगाया है।

दो बाइक के आमने-सामने की भिड़ंत में 2 की मौत दो गंभीर

- दूधमुंही बच्ची को खरोंच तक नही आई

नारायणपुर (आरएनएस)। जिले के थाना क्षेत्र बेनूर अंतर्गत ग्राम बंगाली कोहकापाल के पास दो बाइक की आपसी भिड़ंत में एक युवक की मौके पर मौत हो गई वहीं दूसरे युवक की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई, वहीं अन्य दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को फरसगांव अस्पताल में लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल कोंडागांव रेफर किया गया। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार एक दूधमुंही बच्ची बाल-बाल बच गई जिसे खरोंच तक नही आई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चिंगनार निवासी सुखचन्द पोटाई उम्र 34 वर्ष अपनी पत्नी जयबत्ती पोटाई उम्र 29 वर्ष और 06 माह के दूधमुंही बच्चे रिंकुश, एवं अपनी सास धनाय बत्ती कोर्राम पति मनीराम कोर्राम उम्र 65 वर्षीय निवासी बंगोली टेमरुपारा इन सभी को लेकर बाइक क्रमांक सीजी 21 बी 8103 में अंत्येष्टि कार्यक्रम में ग्राम पराल गए हुए थे। वापसी के दौरान एक अन्य पल्सर बाइक में सवार दिनेश कुमार पिता महेश कुमार निवासी ग्राम बीरनसिली जिला धमतरी जो ग्राम बंगोली की ओर जा रहा था, इसी दौरान ग्राम बंगोली के कोहकापाल के पास दोनो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में दिनेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। सुखचन्द पोटाई, जयबत्ती और धनायबत्ती यह तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए तथा सुखचंद के 06 माह की दुधमुंहे बच्चे को एक खरोच तक नही आई। तीनो घायलों को तत्काल निजी वाहन से उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल लाया गया। फरसगांव अस्पताल में उपचार के दौरान सुखचंद की मौत हो गई।

48 लाख 20 हजार हेक्टेयर में होगी खरीफ फसलों की बुआई

- बीते खरीफ से धान का रकबा 5 लाख 35 हजार हेक्टेयर कम करने का लक्ष्य
- कोदो, कुटकी और रागी के रकबे में 66 हजार हेक्टेयर की होगी बढ़ोत्तरी

रायपुर (आरएनएस)। कृषि विभाग द्वारा आगामी खरीफ सीजन में फसलों की बुआई को लेकर लक्ष्य का निर्धारण कर दिया गया है। खरीफ सीजन 2022 में कुल 48 लाख 20 हजार हेक्टेयर में विभिन्न प्रकार फसलों की बुआई होगी, जो कि बीते खरीफ सीजन 2021 की तुलना में लगभग 55 हजार हेक्टेयर अधिक है। खरीफ सीजन 2022 के बुआई लक्ष्य निर्धारण में सबसे उल्लेखनीय बात यह है कि धान के रकबे में बीते खरीफ सीजन के तुलना में 5 लाख 35 हजार हेक्टेयर की कमी कर दी गई है, जबकि मक्का के रकबे में लगभग एक लाख हेक्टेयर तथा कोदो, कुटकी और रागी के रकबे में लगभग 66 हजार हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी की गई है। धान के रकबे को घटाने के साथ ही कृषि विभाग ने दलहन-तिलहन एवं अन्य फसलों के बुआई रकबे में बीत साल की तुलना में लगभग पौने तीन लाख हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी का लक्ष्य रखा है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ सीजन 2021 में राज्य में 47 हजार 65 हजार 190 हेक्टेयर में खरीफ फसलों की बुआई हुई थी। खरीफ सीजन 2022 में इस लक्ष्य को लगभग 55 हजार हेक्टेयर बढ़ाकर 48 लाख 20 हजार हेक्टेयर कर दिया गया है। बीते खरीफ सीजन में राज्य में 38 लाख 99 हजार 340 हेक्टेयर में धान की बोनी हुई थी, खरीफ सीजन 2022में इस लक्ष्य को घटाकर 33 लाख 64 हजार 500 हेक्टेयर कर दिया गया है। यानि धान के रकबे में 5 लाख 35 हजार हेक्टेयर की कमी लाने का लक्ष्य विभाग ने रखा है। खरीफ सीजन 2022 में मक्का की बुआई 3 लाख 14 हजार हेक्टेयर में होगी, जबकि बीते वर्ष राज्य में 2 लाख 5 हजार हेक्टेयर में मक्का लगाया गया है। कोदो कुटकी और रागी का रकबा भी 82 हजार हेक्टेयर से बढ़ाकर एक लाख 47 हजार हेक्टेयर किया गया है। इस प्रकार राज्य में मोटे अनाज का रकबा भी 2 लाख 88 हजार हेक्टेयर से बढ़ाकर 4 लाख 60 हजार हेक्टेयर किया गया है। दलहनी फसलों का रकबा 4 लाख 48 हजार हेक्टेयर निर्धारित किया गया है, जबकि बीते खरीफ सीजन में 2 लाख 77 हजार हेक्टेयर में दलहनी फसलों की खेती की गई थी। इसी तरह तिलहनी फसलों के रकबे में एक लाख की बढ़ोत्तरी करते हुए इनका रकबा दो लाख 67 हजार 700 हेक्टेयर कर दिया गया है। खरीफ 2021 में राज्य में एक लाख 66 हजार 670 हेक्टेयर में तिलहनी फसलें लगाई गई थी, अन्य खरीफ फसलों के रकबे में लगभग डेढ़ लाख हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी की गई है। खरीफ 2022 में अन्य खरीफ फसलें दो लाख 83 हजार हेक्टेयर में लगाए जाने का लक्ष्य है, जबकि बीते खरीफ सीजन में इनकी बोनी का रकबा एक लाख 33 हजार हेक्टेयर था।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU